**SRI BHAGAWAN MAHAVEER JAIN INDEPENDENT**
**P.U. COLLEGE**
**J.C. ROAD, BANGALORE - 560 027**

**MOCK PAPER - 2015-2016**

## Sub : I PUC, HINDI

---

समय : 3 घंटे 15 मिनट | कुल अंक : 100

---

**सूचना : 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिंदी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है ।**
**2. प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना अनिवार्य है ।**

---

***I. (अ)*** **एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए ।** 1 x 6 = 6

1. श्रीकंठ कब घर आया करते थे ?
2. कमज़ोरी किसके समान हैं ?
3. निन्दकों की जैसी एकाग्रता किनमें दुर्लभ हैं ?
4. महादेवी वर्मा की बाल्य सखी का नाम लिखिए ।
5. डॉ.अंबेडकर पत्नी और बच्चों से भी अधिक किसे मानते थे ?
6. हृदय रोग के दो रूप कौन से हैं ?

**(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** 3 x 3 = 9

7. भारत वर्ष का पुनरुत्थान कैसे होगा ?
8. 'निन्दा रस' निबंध का आशय अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए ।
9. पत्नी की मृत्यु का डॉ.अंबेडकर पर क्या प्रभाव पड़ा ?
10. दिल का दौरा और एनजाइना किन कारणों से होता हैं ?
11. प्रोफेसर पांडुरंग का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

***II*** **अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे ?** 1 x 4= 4

12. जल्दी से पका दो मुझे भूख लगी है ।
13. यात्रा का यह अस्थायी स्नेह भी कितना पवित्र होता है ।
14. ये लोग हम लोगों का हक मार रहे हैं ।
15. तुम भी खा लेना, गाय को भी खिला देना ।

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :** 3 x 2 = 6

16. 'उठती है या आऊँ', 'बैल के से दीदे क्या निकाल रही है,'
'मोहन का दूध कब गर्म होगा', 'अभागी मरती भी नहीं' आदि ।
17. जम कैसे सकता था, हमने वहाँ पानी लगने ही नहीं दिया ।
18. जीवन में पहली बार सिफारिश का यह तरीका जाना ।
19. जन का प्रवाह अनंत होता है ।

**III. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए ।** **1 x 6 = 6**

20. मीराबाई ने किसे अपना आराध्य माना ?
21. रसखान मनुष्य रूप में अगला जन्म कहाँ लेना चाहते हैं ?
22. नारी के माथे से क्या टपक रहा था ?
23. सुख की एक साँस पर क्या निछावर है ?
24. कवि किससे बिछुड़कर रह गया है ?
25. वीर किससे हाथ मिलाता है ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **3 x 2 = 6**

26. कबीर के अनुसार ज्ञान का क्या महत्व है ?
27. सीताजी अपनी कुटिया में कैसे परिश्रम करती थी ?
28. उल्लास कविता का आशय संक्षेप में लिखिए ।
29. नारी के शक्ति रूपों का वर्णन कीजिए ।

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए ।** **4 x 2 = 8**

30. तुलसी काया खेत है, मनसा भयौ किसान ।
पाप पुण्य दोउ बीज हैं, बुवै सौ लुनै निदान ।।

**अथवा**

ज्ञान से अज्ञान दूर होता है,
ज्योति से तमंध दूर होता है,
सत्य से असत्य दूर होता है,
पारस से लोहत्व दूर होता है,
आपके शरणों के अनुभाव से
मेरा भव छूट गया, कूडलसंगम देवा ।

31. दुःख से जीवन बीता फिर भी
शेष अभी कुछ रहता
जीवन की अंतिम घडियों में
भी तुम से यह कहता ।

**अथवा**

कवि बोला - ''वह तो दिवास्वप्न की रानी है,''
शिल्पी ने मिट्टी के लौंदे की ओर संकेत किया ;
ओ' चित्रकार ने फलक, वर्ण, तूली को सहज समेट लिया
गायिका कह गई - ''क्या तूने दिव्य-स्वर की मदिरा पी है ?''

**IV.** **अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए ।** **1 x 6 = 6**

32. गन्दी कोठरी में बालक को खाने के लिए क्या मिला ?
33. श्मशान किससे बातें कर रहा है ?
34. प्रभा का भाई वीरजी के घर क्या देने आया था ?
35. चन्द्रप्रकाश ने बच्चों को कितने रुपये देने चाहे ?
36. प्रतिष्ठित साहित्य संस्था ने किसको सम्मानित किया ?
37. 'दोपहर का भोजन' कहानी के लेखक कौन हैं ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **3 x 3 = 9**

38. मधुआ पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए ।
39. पहली पत्नी की मृत्यु पर युवक किस प्रकार विलाप करने लगा ?
40. समधियों के घर मंगलसेन की आवभगत कैसे हुई ?
41. चंद्रप्रकाश को अपनी विवशता पर क्यों क्षोभ हुआ ?
42. हिन्दी अखबार 'नई दुनिया' में छपे विज्ञापन के बारे में लिखिए ।
43. बीमार प्रमोद की हालत कैसी थी ?

**V.** **अ) वाक्य शुद्ध कीजिए** **1 x 5 = 5**

44. क. उसका हाथ में मामूली चाकू था ।
ख. आपके बारे में कोई भी मुझसे बुरी नहीं कहता ।
ग  कई महाविद्यालय खुला ।
घ. सूरदास ने इसलिए 'निन्दा सबद रसाल' कही है ।
ङ. वह तो सचमुच बिच्छू लग रही थी ।

**आ) कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए ।** **1 x 5 = 5**
**(पूँजी, ईर्ष्या-द्वेष, भेद-नाशक, पुतला, तूफान)**

45. क. सुबह चाय पीकर अखबार देख रहा था कि वे ...... कमरे में घुसे ।
ख. छल का धृतराष्ट्र जब आलिंगन करे, तो ...... ही आगे बढ़ाना चाहिए ।
ग. निन्दा का ऐसा ही .... अंधेरा होता है ।
घ. ..... से प्रेरित निन्दा भी होती है ।
ङ. निन्दा कुछ लोगों की ..... होती है ।

**इ) निम्नलिखित मुहावरों को उनके अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए :** **1 x 4 = 4**

46.

| | |
|---|---|
| 1. जी चुराना | 1. निर्दोष पर दोष लगाना । |
| 2. चाँद पर थूकना | 2. इज्जत बढ़ाने वाला । |
| 3. घर का उजाला | 3. हार कर भागना । |
| 4. पीठ दिखाना | 4. मेहनत से बचना । |

**ई) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए :** **1 x 3 = 3**

47. 1. हमारे ज्ञान के कपाट खुलते हैं । (भविष्यत काल में बदलिए)
    2. माता अपने सब पुत्रों को समान भाव से चाहती थी । (वर्तमान काल में बदलिए)
    3. मनुष्य सभ्यता का निर्माण करेगा । (भूतकाल में बदलिए)

**उ) अन्य लिंग रूप लिखिए :** **1 x 2 = 2**

48. कुम्हार, लोटा

**ऊ) अन्यवचन रूप लिखिए :** **1 x 2 = 2**

49. अध्यापक, गौएं

**ए) समानार्थक शब्द लिखिए :** **1 x 2 = 2**

50. पथिक, शरीर

**ऐ) विलोम शब्द लिखिए :** **1 x 2 = 2**

51. कृतज्ञ, शिष्ट

**1 x 5 = 5**

***VI.*** **अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

52. स्वार्थ और परार्थ मानव की दो प्रवृत्तियाँ हैं । हम अधिकतर सभी कार्य अपने लिए करते हैं । 'पर' के लिए सर्वस्व बलिदान करना ही सच्ची मानवता है । यही धर्म है, यही पुण्य है, यही परोपकार है । प्रकृति हमें निरंतर परोपकार का संदेश देती है, नदी दूसरों के लिए बहती है । वृक्ष मनुष्यों को छाया तथा फल देने के लिए ही धूप, आँधी, वर्षा और तूफान के जल के रूपमें अपना सब कुछ बलिदान कर देते हैं ।

**प्रश्न :**

1. मनुष्य की कौन-सी दो प्रमुख प्रवृत्तियाँ हैं ?
2. 'सच्ची मानवता' क्या है ?
3. प्रकृति हमें निरंतर कौन-सा संदेश देती है ?
4. नदी क्या करती है ?
5. वृक्ष हमें परोपकार का संदेश कैसे देते हैं ?

**1 x 5 = 5**

**आ)** 53. अपने मित्र को ग्रीष्मावकाश में अपने साथ चलने का निमंत्रण देते हुए पत्र लिखिए ।

**अथवा**

महाविद्यालय छोड़ने का प्रमाण-पत्र माँगते हुए अपने प्रधानाचार्य के नाम एक प्रार्थना पत्र लिखिए ।

**इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए ।** **1 x 5 = 5**

54. 1. Time lost is never regained.
    2. Humour plays an important role in our life.
    3. Friends are our real well wishers.
    4. Police caught the thief.
    5. Food, clothing and shelter are our basic needs.

* * *